तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जुलाई 2024

14 बच्चों ने पेड़ पौधों को लेकर की शानदार चित्रकारी, पर्यावरण ...



12 चेंबर की बैठक, संविधान संशोधन





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 27/07/24

# अब अंतिम संस्कार के लिए नहीं करना पड़ेगा बारिश थमने का इंतजार

## ग्राम खरथुली के मुक्तिधाम में शुरू हुआ मरम्मत कार्य, दो-तीन दिन में हो जाएगा पूरा

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत भोथली के आश्रित ग्राम खरथुली के मुक्तिधाम की अब किस्मत बदलने लगी है। हरिभूमि की पहल के बाद प्रशासन जागा और पंचायत को नोटिस के बाद मुक्तिधाम में मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो गया। अब मृतक के परिजनों को मृतक के अंतिम संस्कार के लिए बारिश बंद होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बता दें कि जिला मुख्यालय से महज 6 किमी दूर ग्राम पंचायत भोथली के आश्रित ग्राम खरथुली के श्मशान घाट की बदहाल स्थिति को लेकर हरिभूमि ने 22 जुलाई को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन ने मामले को गम्भीरता से लिया और जनपद पंचायत सीईओ पीताम्बर यादव ने ग्राम पंचायत को नोटिया जारी करने के साथ ही श्मशान घाट की स्थिति को सुधरवाने व नया टीनशेड लगवाने के निर्देश दिए। उसके बाद टीनशेड बनाने का कार्य भी शुरू हो चुका है, जो अगले दो–तीन दिनों के भीतर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा।



### हरिभूमि ने प्रशासन तक पहुंचाई ग्रामीणों की समस्या

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत भोथली के आश्रित ग्राम खरथुली के ग्रामीणों ने हरिभूमि को गांव की इस बड़ी समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद ग्रामीणों की समस्याओं को प्रशासन के जिम्मेदारों तक पहुंचाने के लिए 22 जुलाई के बालोद अंक में मौत के बाद भी इंतजार, बारिश के कारण एक दिन रोकना पड़ गया अंतिम संस्कार, शीर्षक से खबर प्रकाशित कर लोगों के मूलभूत अधिकार को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। खबर प्रकाशन के बाद बालोद जनपद पंचायत सीईओ पीताम्बर यादव ने पंचायत को श्मशान घाट में तत्काल टीनशेड बनाने का निर्देश दिए हैं।


विडंबना : ग्राम खरथुली में श्मशान घाट में शेड की जर्जर हालत के कारण हो रही समस्या
मौत के बाद भी इंतजार, बारिश के कारण एक दिन रोकना पड़ गया अंतिम संस्कार

**समस्या को सामने लाने के लिए धन्यवाद : यादव:** इस पूरे मामले में बालोद जनपद पंचायत सीईओ पीताम्बर यादव ने इस मामले को ध्यान में लाने के लिए हरिभूमि का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू हो गया है बारिश के कारण थोड़ी दिक्कत है। फिर भी दो से तीन दिनों के भीतर आपको वहां नया टीनशेड देखने को मिल जाएगा।

## मंगलवार सुबह ग्राम भेंड़ी में आंबनबाड़ी के पास नाले में बह गया था बच्चा

# 3 किमी दूर सरहदी नाले की झाड़ियों के बीच फंसा मिला नैतिक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम भेंड़ी के कलामंच के पास स्थित नाली में बहे 3 साल के मासूम नैतिक सिन्हा की का शव घटनास्थल आंगनबाड़ी से लगभग 3 किलोमीटर दूर भेंड़ी और ग्राम बड़गांव के बीच सरहदी नाले में झाड़ियों में फंसा मिला। बुधवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। नाली की तेज रफ्तार पानी से वह बहुत आगे तक बह गया था व दूर नाले में स्थित झाड़ियों में फंसा हुआ था।

बता दें कि मंगलवार को बच्चे के बह जाने की जानकारी मिलने के बाद गोताखोरों ने रात 11 बजे तक टार्च की रोशनी में खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन बुधवार सुबह फिर से खोजबीन शुरू की गई। गोताखोरों की टीम भेंड़ी से बड़गांव की ओर जाने वाले नाले में खोजबीन की जा रही थी, तभी करीब 9.30 बजे नैतिक का शव मिलने की जानकारी मिली। शव को सबसे पहले ग्राम के ही तोतन बरसेल ने देखा। किसान तोतन बरसेल नाले से लगे खेत की ओर गया था, तभी नाले में झाड़ियों के पास नैतिक का शव फंसा हुआ दिखा। लेकिन, बच्चे के शव को देखने के बाद किसान तोतन की हिम्मत नहीं हुई। उसने, बस्ती में आकर अन्य लोगों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद बालक के शव को झाड़ियों से बाहर निकाला गया।





### पहली बार आंगनबाड़ी गया था नैतिक

बता दें कि मंगलवार को ग्राम भेंड़ी में ग्राम पंचायत से लगे आंगनबाड़ी में 3 साल का नैतिक सिन्हा पिता वासुदेव सिन्हा पहली बार पढ़ने गया था। जहां वो लंच ब्रेक के बाद बच्चों के साथ बाहर खेल रहा था और संभवतः खेलते-खेलते पास के बहने वाले नाली में बह गया। बेहद ही गमगीन माहौल में 3 वर्षीय नैतिक का अंतिम संस्कार कियागया। पूरे समय तक एसडीम, तहसीलदार सहित सरकारी अमला गांव में मौजूद रहे।



### बनाई गई जांच समिति

उधर, मासूम बच्चे के शव मिलने की सूचना के बाद परिजनों सहित पूरे गांव में शोक की लहर है। इस बीच जिला प्रशासन द्वारा पूरी घटना की जांच के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में चार सदस्य टीम बनाई गई है। अन्य सदस्य एसडीओपी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत सचिव गठित जांच समिति का हिस्सा होंगे। समिति पूरे मामले की जांच कर प्रशासन को 3 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। वहीं, प्रथम दृष्टया पूरे मामले में अब आंगनबाड़ी केंद्र की लापरवाही की बात भी सामने आई है। ग्रामीणों ने भी दोषियों पर कार्यवाही की मांग रखी थी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका निलंबित

टी आई एल पी जायसवाल ने बताया कि घटना के दिवस प्रायमरी बी एन एस 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब चूंकि बच्चे का शव मिल गया है, तो पुनः मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है। तहसीलदार गोविंद सिन्हा ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा में जनहानि होने के कारण आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद मुआवजा राशि दी जाएगी। उधर, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी सुनील साहू ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर व परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी बाई व सहायिका शीत बाई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका ने अधिकारियों को बताया कि बच्चे जहाँ पर पढ़ते हैं, वहीं पर लंच भी करते हैं। लंच के बाद साफ सफाई के दौरान कुछ बच्चे खेलते हुए बाहर निकल गए थे। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र के पास यह घटना हुई है, उस आंगनबाड़ी को फिलहाल बंद कर वहां के बच्चों को गांव के दूसरे आंगनबाड़ी में पढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# इस वर्ष मानसून लगने के बाद प्राकृतिक आपदा से 9 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ी में नाले में बहने से मासूम नैतिक की मौत के साथ ही इस वर्ष मानसून लगने के बाद 15 जून से लेकर अब तक प्राकृतिक आपदा से मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 पर हो गई है।

आपको बता दें कि इस मानसून सीजन में 15 जून से लेकर अब तक प्राकृतिक आपदा से 9 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, राजस्व विभाग के राहत आपदा शाखा से मिले आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल 2024 से लेकर 10 जुलाई 2024 तक 24 लोगों की पानी में डूबने से और 4 लोगों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हुई है। आपको बता दें कि बीते पांच दिनों में जिन 9 लोगों की मौत आकाशीय बिजली गिरने और पानी में डूबने से हुई है वह आंकड़ा राहत आपदा शाखा के आंकड़ों में नहीं जुड़ा है, क्योंकि उसकी प्रक्रिया चल रही है।

### बीते 2 साल 4 महीने में कितने लोगों की हुई मौत

राहत आपदा शाखा से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 1 अप्रैल 2022 से लेकर 10 जुलाई 2024 तक यानि कि बीते दो साल चार महीनों में आकाशीय बिजली गिरने, पानी में डूबने व सर्पदंश से कुल 129 लोगों की मौत हुई है। इन आंकड़ों में 10 जुलाई के बाद से हुई मौतों का आंकड़ा नहीं जुड़ा है। जानकारी के अनुसार प्राकृतिक आपदा से जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाती है। राहत आपदा शाखा से मिली जानकारी के अनुसार जिनकी मौत प्राकृतिक आपदा जैसे कि आकाशीय बिजली गिरने से, नहर नाला, तालाब, कुआं, नदी, बांध में डूबने से, मधुमक्खी काटने से, सर्पदंश, बिच्छु काटने से, रसोई घर का गैस सिलेंडर फटने से, लू से मौत, खदान धसकने से या गड्ढे में गिरने से अगर किसी की मौत होती है, तो उनके परिजनों को शासन से 4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त कर्मी के थैले से 34 हजार पार

**भिलाई।** रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मी के थैले से रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि रेलवे से सेवानिवृत्त सुरेशचंद श्रीवास्तव 22 जुलाई की सुबह पदुमनगर भिलाई तीन स्थित एसबीआई में अपने खाता से 35 हजार रूपए निकाले। उसके बाद अपनी पत्नी हेमलता श्रीवास्तव के खाते में 1 हजार रुपए जमा किया। उसके बाद 34 हजार को अपने थैला में रख पासबुक प्रिटिंग करने पहुचे। इस दौरान थैला में रखे रुपए को बाजू में रख। प्रिटिंग करा रहे थे तब अज्ञात ने रुपए को चोरी कर फरार हो गया।

### नौकरी लगाने के नाम पर महिला ने की ठगी

**भिलाई।** न्यायालय रायपुर में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि लेबर कालोनी, सेक्टर-11, जोन-3 खुर्सीपार निवासी जी. दुर्गा राव ने शिकायत किया है कि पी. विजय लक्ष्मी नामक मोहल्ले की महिला ने वर्ष 2022 में बच्चों को रायपुर न्यायालय में सरकारी नौकरी लगाने का झांसा दिया। महिला के बातों में आकर अपने बेटे पी. वेंकट, प्रवीण कुमार की सरकारी नौकरी के लिए 2.50 लाख रुपए, चंद्रावती बिसाई से बेटे के लिए 2.50 लाख, प्रेमा देवी 1.20 लाख रुपए नौकरी लगाने के लिए महिला विजय लक्ष्मी को दिया गया।उक्त लेनदेन का पीड़िता ने वीडियों भी बनाया है। महिला पी. विजय लक्ष्मी ने संदीप की नौकरी मंत्रालय में लगाने का भी झांसा दिया। दो बार में 60-60 हजार रुपए महिला ने लिया। लेकिन अब तक किसी का भी नौकरी नहीं लग पाया है। लेकिन अब तक महिला ने किसी का भी रुपए का लौटाया नहीं है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### घूमते हुए जिलाबदर का आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** जिला बदर का आरोपी खुलेआम घूम रहा था। सूचना पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14,15 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 22 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर वार्ड 16 इंदिरा नगर सुपेला निवासी तारकेश्वर को हाल ही में जिला बदर की कार्रवाई की गई है। जो सुपेला क्षेत्र में घूमते पाया गया। पुलिस की टीम मछली मार्केट सुपेला पहुंची।

# 6 लाख रुपए का 61 किलो से ज्यादा गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ट्रैक्टर में ओडिशा से राजस्थान गांजा ले जा रहे थे आरोपी

जिले की पुरूर पुलिस ने 61 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ राजस्थान के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दरअसल दोनों तस्कर ट्रेक्टर में 61 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा जिसकी कीमत 6 लाख 13 हजार रुपए है, को ओडिशा के मलकानगिरी से जगदलपुर से केशकाल और कांकेर होते हुए रायपुर की ओर से राजस्थान ले जाने की फिराक में नेशनल हाईवे 30 होते हुए जा रहे थे।




इस दौरान पुरुर पुलिस को मिली सूचना के आधार पर मरकाटोला के पास जांच अभियान चलाकर ट्रैक्टर सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इस दौरान दोनों ने भागने की कोशिश की, जिन्हें पुलिस की टीम ने धर दबोचा। दोनों तस्कर शेर सिंह 35 वर्ष और अजय सिंह 20 वर्ष दोनों जिला भरतपुर राजस्थान के रहने वाले हैं।

दोनों एक ट्रैक्टर पर सवार होकर 61 किलो 300 ग्राम गांजा की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने 6 लाख 13 हजार रुपए के अवैध गांजा सहित ट्रैक्टर जिसकी कीमत 8 लाख रुपए को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 20(ख) के तहत जेल भेज दिया है।

### पिकअप और यात्री बस हुई में टक्कर

**बालोद।** झलमला-गुरूर मुख्य मार्ग 930 पर स्थित ग्राम करहीभदर तिराहा चौक के पास यात्री बस और पिकअप वाहन के बीच भिड़ंत हो गई। हालांकि इस सड़क दुर्घटना में सभी यात्री और वाहन चालक सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों से भरी आनंद कंपनी की बस वाहन क्रमांक सीजी 08 ए एफ 3595 सुबह लगभग 9:30 बजे बालोद से धमतरी की ओर जा रही थी और पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएच 7672 रायपुर से निपानी मार्ग की ओर से टाइल्स भरकर आ रही थी तभी दोनों वाहनों के बीच टक्कर हो गई। इससे दोनों ही गाड़ियों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने पिकअप में सवार दो लोगों को थाना पहुंचाया। इस सड़क हादसे में बस में सवार सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित है।




# जल भराव वाले स्थानों पर रखें निगरानी

## विधायक ललित ने संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

इन दिनों अंचल में भारी बारिश हो रही है। इसे देखते हुए मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ा गया है, जिसके कारण यहां नदी-नाले उफान पर रहे। वहीं, कई गांवों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। इस स्थिति को देखते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से दूरभाष के माध्यम से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

साथ ही जनपद पंचायत सीईओ के माध्यम से समस्त सचिवों को बाढ़ की स्थिति वाले क्षेत्रों का सर्वे कर प्रभावितों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाकर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। बता दें कि शिवनाथ, तांदुला और खरखरा नदी से लगे ग्रामों में जल भराव की आशंका रहती है।

### बाढ़ की स्थिति में पुल-पुलिया पार करने की कोशिश न करें



विधायक ललित चंद्राकर ने जिले में जारी बारिश को देखते हुए आम नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों अंचल के नदी-नाले उफान पर हैं।जलस्तर में वृद्धि होने पर उनसे सुरक्षित दूरी बना कर रखें। श्री चंद्राकर ने लोगों को आगाह किया है कि नदी-नालों में पुल-पुलिया के ऊपर पानी बहने की स्थिति में इसे पार करने की बिल्कुल भी कोशिश न करें। न तो पैदल और न ही वाहन सहित, किसी भी स्थिति में जान जोखिम में न डालें। ऐसा खुद भी न करें और न ही दूसरों को ऐसा करने दें।

## ग्राम मोहलाई के युवाओं ने समस्या का समाधान नहीं होने पर जताया आक्रोश



# बार-बार कहने के बाद भी नहीं सुधरी सड़क, ग्रामीणों ने लगा दिया धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जब सामान्य प्रक्रिया के अनुसार समस्याओं की ओर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराने पर भी उनका समाधान नहीं होता तो लोग, कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं। कुछ ऐसा ही तरीका अपनाया गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोंगनी के आश्रित ग्राम मोहलाई के युवाओं ने बार-बार ध्यान दिलाने के बाद भी सड़क की स्थिति नहीं सुधरी, तब उन्होंने अपने गांव की गलियों में धान की फसल के लिए रोपा लगा दिया। वहीं, समस्या का समाधान नहीं होने के लिए सरपंच से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें कोसत रहे हैं।

सोशल मीडिया में एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें गांव के कुछ युवा बोल रहे हैं कि यह नजारा ग्राम मोहलाई का है, जहां सरपंच ने 5 साल में एक भी बार यहां आकर यहां की स्थिति नहीं देखी। उन्होंने कहा कि सरपंच को कई बार शिकायत की, फिर भी आज तक इसका निराकरण नहीं हुआ है, जिसके कारण आज गांव की गलियां दलदल में तब्दील हो गई हैं।

ग्रामीणों ने गली में भरे दलदल और पानी के बीच रोपाई का कार्य करते हुए शासन प्रशासन को गांव की समस्या से अवगत कराने अनूठे अंदाज में शिकायत कर रहे हैं। ग्राम मोहलाई से वीडियो सामने आने के बाद अब देखना होगा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की इस समस्या को लेकर किस तरह के ठोस कदम उठाया जाता है।

### सरपंच पति ने कहा, जीरा गिट्टी डलवाएंगेः

इस मामले में ग्राम पंचायत कोंगनी के सरपंच डेमिन साहू के पति जितेंद्र साहू ने कहा कि ग्राम मोहलाई हमारा आश्रित ग्राम है, वहां आनाजाना होता है। इसी साल बारिश में यह स्थिति निर्मित हुई है। बारिश थमने के बाद जीरा गिट्टी डालेंगे।

### सोने का कारीगर बताकर की ठगी

**भिलाई।** सोने का कारीगर बताकर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने तीन ठगी का अपराध कायम किया किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली टीआई विजय यादव ने बताया कि सदर बाजार दुर्ग मंदिर दुर्ग निवासी प्रामित धारा, विजय सोनी, शाहजहां अली से ऋषभ सिटी पुलगांव दुर्ग निवासी मनीष सोनी, शीतला पारा कोंडागांव निवासी धीरज सोनी ने मिलकर करीब 1 करोड़ 11 लाख रुपए का ठगी किया है। मनीष सोनी और धीरज सोनी ने मिलकर सोना 313 ग्राम 920 मिलीग्राम,537 ग्राम, 340 मिली ग्राम, 800 ग्राम, 950 मिलीग्राम का सोना लिया।

हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### बजट से समाज के सभी वर्गों का होगा सर्वांगीण विकास



**डौंडीलोहारा।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुसुम शर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार के बजट से समाज के सभी वर्ग का सर्वांगीण विकास होगा। 3.0 की मोदी सरकार से गांव, गरीब, किसान समृद्धि की ओर जायेंगे तो महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। सरकार ने सभी वर्ग के उत्थान को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत किया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के पढ़े लिखे युवाओं को आगे बढ़ाने मॉडल स्कील योजना के तहत लोन मिल सकेगा। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में नौकरी करने वाले युवाओं को अतिरिक्त पीएफ देने का भी ऐलान किया गया है। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुसुम शर्मा ने कहा कि इस बजट में सरकार का फोकस महिलाओं, युवाओं पर रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर मरीजों को इलाज में बड़ी राहत दी है। मेडिकल में कैंसर से जुड़ी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं, उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई है, इससे कैंसर का इलाज सस्ता होगा। वहीं, सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 6 फीसदी करने से गहने सस्ते हो जाएंगे। कुल मिलाकर इस बजट से देश के सभी वर्ग के लोगों को लाभ होगा।

### सड़क किचड़ से लथपथ आवागमन बाधित

**बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की डब्ल्यूबीएम सड़क किचड़ से लथपथ होने से मार्ग पर पैदल दुभर व सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों तथा रहवासियों द्वारा विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को कई बार शिकवा शिकायत कर डब्ल्यूबीएम मार्ग की सुधार तथा मरम्मत कि मांग की गई लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार डब्ल्यूबीएम सड़क किचड़ से लथपथ होने के कारण ग्रामीण व राहगीर किचड़ मय सड़क से आवागमन लगभग बंद होने की स्थिति में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में सत्ता सरकार तो बदली और मौसम भी बदला, लेकिन डब्ल्यूबीएम मार्ग की तस्वीर बदलने का नाम ही नहीं ले रहा है।

लापरवाही : सांकरा (क) से ग्राम नारागाँव, बड़भूम से गुरूर जाने वाली सड़क जर्जर

# सड़क व पुल जर्जर, जान जोखिम में डालकर पुल पार करते हैं ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सांकरा (क) से ग्राम नारागाँव, बड़भूम से होकर गुरूर जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर हालात में है। सैकड़ों पर गड्ढे नजर आने लगे हैं, जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण ग्रामीण जान जोखिम में डाल आवागमन करने पर मजबूर हैं। ग्राम सांकरा क से ग्राम नारागाँव, बड़भूम से होकर गुरूर जाने वाली सड़क बहुत जायदा खराब हो चुकी है, जो वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए प्रमुख मार्ग है। सड़क और पुल दोनों जर्जर होने के कारण राहगीरों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### जान जोखिम में डाल रहे लोग

ग्राम सांकरा (क) से नारागाँव के मध्य दो नाले हैं, जो वर्षों से जर्जर हालात में हैं। ये बरसात के दिनों में उफान पर रहते हैं, इसके बावजूद ग्रामीण राहगीर और स्कूली बच्चे नाला को एक हाथ में सायकल पकड़े सायकल और बैग संभाले नाले को पार कर स्कूल जाते हैं। ऐसा करना कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है, लेकिन प्रशासन द्वारा पुल बनाने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

ग्राम नारागाँव निवासी उपसरपंच हेमलाल साहू ने बताया कि जिला मुख्यालय व ब्लॉक जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित दोनों नाले का उफान पर हैं, जहाँ से लोगों का गुजरना मुश्किल है। पुल जर्जर हो चुका है, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। उसके बाद भी बरही और कन्नेवाड़ा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे नाले को पार कर जाते हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा लोगों की सुरक्षा और पुल बनाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### सियादेवी मंदिर जाने का मुख्य मार्ग

ग्राम नारागाँव के ग्रामीण टिकेश्वर साहू ने बताया कि यह मार्ग प्रसिद्ध सियादेवी मंदिर नारागाँव और चारामा जाने के लिए मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर रोजाना सैकड़ों श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। वहीं, सांकरा से चारामा जाने लिए भी यह मुख्य मार्ग के रूप में उपयोग किया जाता है, जहाँ से बहुत कम समय में आसानी से चारामा पहुँचा जा सकता है।

# कलेक्टर ने बारिश से उत्पन्न स्थिति का लिया जायजा





**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बरसते पानी में जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर जिले में लगातार हो रहे बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को पूरे समय मुस्तैद रहकर लगातार हो रहे बारिश के कारण उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस दौरान आम जनता को खाद्यान, दवाई, शुद्ध पेयजल आदि अति आवश्यक चीजों के प्रबंध हेतु किसी भी प्रकार के परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस दौरान कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिरईगोड़ी के उप खाद गोदाम में पहुँचकर वहाँ पर उपलब्ध खाद का अवलोकन किया। उन्होंने गोदाम के कर्मचारियों से खाद की उपलब्धता एवं किसानों को वितरण के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उन्हें समय पर खाद बीज की समुचित उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करहीभदर में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित खण्ड चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल में प्रतिदिन ईलाज हेतु आने वाले मरीजों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में ओपीडी का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्ड में पहुँचकर वहाँ भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल–चाल जाना। उन्होंने मरीजों से ईलाज एवं अस्पताल के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

**बेहतर इलाज की रखें व्यवस्था :** कलेक्टर ने अस्पताल के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों से वर्षा ऋतु के दौरान मौसमी बीमारियों के प्रकोप बढ़ने की संभावना को देखते हुए पूरे समय सजग एवं सतर्क रहकर मरीजों की बेहतर ईलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल में समुचित मात्र में दवाई एवं चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा अस्पताल में बेहतर साफ–सफाई की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

### ग्राम लिमोरा में निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम लिमोरा में पहुँचकर पीपरछेड़ी–लिमोरा मार्ग में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता से निर्माण के प्रगति के संबंध में जानकारी ली और इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात अधिकारियों ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम दर्रा पहुँचकर देवरानी–जेठानी नाला में निर्मित पुल का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों से चर्चा कर बारिश के दौरान उत्पन्न हालात तथा इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली।

## विधानसभा घेराव में शामिल हुए जिले के कांग्रेस नेता



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव करने बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित नगर के दर्जन भर से अधिक कांग्रेसी पार्षद व कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे। विधानसभा घेराव के दौरान नपा अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के साथ मुलाकात भी की। रायपुर विधानसभा घेराव में जिला कांग्रेस कमेटी के कई बड़े नेता व कार्यकर्ता भी शनील हुए। नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध, लचर कानून व्यवस्था, हत्या, लूटपाट और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा का घेराव किया गया। जिसमें नगर पालिका के सभी कांग्रेसी पार्षद भी शामिल हुए।

## बेलौदी स्कूल की छात्राओं को मिली सायकिल



**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में निःशुल्क सरस्वती सायकल के तहत छात्राओं को सायकिल का वितरण किया गया। शाला के कक्षा नवमी में अध्ययनरत वे 24 छात्राएं जो इसके पात्र हैं, उन छात्राओं को सायकिल दी गई। इस अवसर पर शाला के शिक्षक तथा छात्राओं के पालक भी उपस्थित थे।

## मां कौशल्या धाम पाटेश्वर में श्रीराम के बाल रूप की झांकी



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा द्वारा मां कौशल्या धाम पाटेश्वर में श्रीराम के बाल रूप का मनोहारी चित्रण झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। वी के साहू व्याख्याता ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति मे कार्यक्रम में शमा बांध दिया। कार्यक्रम को रूपरेखा देने में शाला प्रबंधक हीराचंद राखेचा,प्राचार्य साईनी मैथ्यूज ,एच एम मैम नोम साहू, पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यादव, कौशलेश देवांगन,धनेश्वरी वर्मा ,अंचल जैन, ज्योत्सना वर्मा इन सभी गुरुजनों को सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन,उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, संदीप जैन ,मिश्रीलाल जैन, प्रभा जैन ने बधाई प्रेषित की।

## जिले के बांधों में आ रहा पानी, सुधरी स्थिति



**बालोद।** जिले में झमाझम बारिश के साथ ही कई तरह की समस्याओं का सामना भी लोगों को करना पड़ रहा है। बीते छः दिनों की बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आने लगा है । और नदी नाले उफान पर हैं तथा खेत खलिहाल जलमग्न नजर आ रहे हैं। इसके कारण आमनागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। तो वहीं, दूसरी ओर प्रमुख जलाशयों का बढ़ता जल स्तर राहत दिला रही है। जिले के प्रमुख जलाशयों में शामिल तांदुला, खरखरा, गोंदली और मटियामोती सहित अनेक वैकल्पिक बांध में पानी की कमी दूर होती नजर आ रही है। वहीं, पिछले 6 दिनों की झमाझम बारिश के बाद जल का भराव तेजी से होने लगा है। जिले में झमाझम के बाद प्रमुख जलाशय तांदुला में अब तक 41.96 प्रतिशत जल भराव दर्ज किया गया है, खरखरा जलाशय में 46.37 प्रतिशत जल भराव दर्ज किया गया है, मटिया मोती 37.93 प्रतिशत जल भराव दर्ज किया गया है, वहीं गोंदली जलाशय में 24.41प्रतिशत जल भराव दर्ज किया गया है।

शैलदेवी महाविद्यालय
अंडा, दुर्ग
9575037637
6265377477
ADMISSION OPEN
Last Date : 31 July
BSc Maths/CS/Bio
BCom
BA (Home Science Geography)
BCA 16000/-
DCA 8000/-
PGDCA 15000/-
Scholarship - 7000 to 13000/-
MSW 15000/-
B.Lib 15000/-
Limited Seats
MCom
MSc Computer Science
PG Diploma in YOGA 15000/-
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg

## सरस्वती शिशु मंदिर डौंडीलोहारा में मनाई गई गुरू पूर्णिमा पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम शार्वा पूर्व प्रादेशिक सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ बिलासपुर थे, अध्यक्षता येणु कुमार दिल्लीवार व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा ने की। विशेष अतिथि विनोद साहू जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक जिला बालोद, मुख्य वक्ता तुलसीदास विभाग प्रचारक राजनांदगांव विभाग, विशेष अतिथि राघवेंद्र नाथ मिश्रा व राजेश उपाध्याय रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरु के बिना हमारा जीवन अंधकारमय है। गुरु ही हमको अंधकार से ज्ञान की नई रोशनी की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम के विशेष वक्ता ने कहा कि गुरु मोमबत्ती की तरह है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते हैं। नव ज्ञानोदय शिक्षण समिति डौंडीलोहारा द्वारा विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदियों का श्रीफल एवं गणवेश भेंट करके सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य सेवंत कुमार देवांगन ने तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य डोमार सिंह साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदीयों का विशेष सहयोग रहा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## स्कूल में किया पौधारोपण

**कवर्धा।** गुरूकुल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पौधरोपण कर सीसीए ऐक्टीविटी के अंतर्गत कक्षा 4थी व 5वी के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया साथ ही साथ 4 अगस्त तक 200 से अधिक पौधरोपण का संकल्प लिया गया। इसी कडी में कक्षा 4थी से 5वी तक के विद्यार्थियों द्वारा 60 पौधे रोपितकर ट्री-गार्ड सहित संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला वनमंडलाधिकारी शशिकुमार उपस्थित थें। जिसमें कक्षा 4 थी से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं ने एक पौधा लगाकर उसका नामकरण किया, कार्यक्रम मे विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह और प्रशासक संदीप श्रीवास्तव एवं गुरूकुल स्कूल में कार्यरत सभी सदस्य भी सम्मिलित हुए और कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह ने पौधरोपण के इस कदम को सरहानीय कदम बताया इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
Health Town
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हरियाणा विस चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए पुकेश



**अंडा।** किसान कांग्रेस के दुर्ग जिला अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर को कुरु क्षेत्र लोकसभा हरियाणा विधानसभा चुनाव का पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसके अंतर्गत किसान न्याय यात्रा 25 जुलाई से 25 अगस्त तक हरियाणा के 90 विधानसभा क्षेत्रों में चलेगी। वहीं, 9 विधानसभा एवं लोकसभा में प्रमुख रूप से 15 किलोमीटर चलेगी, जिसमें कुरूक्षेत्र के दो विधानसभा में राहुल गांधी दो दिन उपस्थित रहेंगे। वहीं, किसान आंदोलन में शहीद किसान परिवारों को शहीद का दर्जा और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, किसान आंदोलन में शामिल लोगों को एक पेंशन की योजना अगर कांग्रेस सरकार हरियाणा में बनेगी तो देने की घोषणा भी की जाएगी।

### स्कूल से गायब मिले प्राचार्य व व्याख्याता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शिक्षा सप्ताह का आयोजन 22 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रदेश के समस्त विद्यालयों में किया जा रहा है। इसी क्रम में दुर्ग संभाग में भी शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। शिक्षा सप्ताह का अवलोकन करने के लिए संयुक्त संचालक शिक्षा रूपलाल ठाकुर एवं उपसंचालक प्रवास कुमार सिंह बघेल विभिन्न विद्यालयों का अवलोकन किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मुढ़ीपार में प्राचार्य ममता गुप्ता व्याख्याता गणित आकांक्षा बोरकर, सहायक ग्रेड 2 बलिराम यादव व सहायक ग्रेड 3 शशि शर्मा अनुपस्थित पाए गए। इन सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी करते हुए इन्हें कारण बताओ सूचना जारी किया गया । संयुक्त संचालक ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त प्राचार्य को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार शिक्षा सप्ताह के लिए दिवसवार कार्यक्रम आयोजित करें। समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शिक्षा सप्ताह का आयोजन करें। अनाधिकृत अनुपस्थिति पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### शिवमहापुराण आज से जयंती स्टेडियम में

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक सीहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा श्री शिवमहापुराण कथा सुनाएंगे। शिवमहापुराण कथा स्थल पर भारी बारिश को देखते हुए 3 लाख श्रद्धालुओं के लिए वाटरप्रूफ पंडाल लगाए गए हैं। इसके अलावा अलग से भी पंडाल की व्यवस्था की गई है। बोल बम समिति द्वारा आयोजित इस शिवमहापुराण कथा के लिए भव्य कलश यात्रा 24 जुलाई को सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर से सुबह 10 बजे निकलेगी। पंडाल में पहुंचे श्रद्धालु रामकुंवर, ज्योत्सना, कौशिल्या, कुमारी बाई, रमेश, समारू आदि बताते हैं कि पंडाल में कथा सुनने का फल जरूर मिलता है। पांच कथाओं को पंडाल में बैठकर सुनने से उनका दुख-तकलीफ कम हुआ है। बाबा भोलेनाथ में बहुत कुछ दिया है। पंडाल में जब तक कथा चलती है वहां कैलाशधाम की अनुभूति होती है। इसलिए पंडाल में कथा सुनने का अलग ही महत्व है जो टीवी में सुनने से नहीं मिलता।

## आयोजन : नगपुरा सेजस में हुई पर्यावरण पर चित्रकला प्रतियोगिता और अतिथियों ने किया पौधारोपण

# बच्चों ने पेड़-पौधों पर की सुंदर चित्रकारी और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रथम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगपुरा में अंचल के लगभग चार संकुल से करीब पच्चीस प्रायमरी, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पर्धा में चित्रकारी कर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अवगत हो इस्पात नगरी के सेवानिवृत अधिकारी और इंजीनियरों की संस्था सेवा फाउंडेशन भिलाई द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में संकुल अंचल के नगपुरा ,बोरई, बेलोदी,भेंडसर ,अंजोरा, खुरसुल, खुरसीडीह, दमोंदा, ढाबा, मालूद ,टोला, कोडियाडीह, कोटनी, मालुद,गनियारी स्थित सभी प्राथमिक,माध्यमिक ,उच्चतर माध्यमिक स्कूल के दो-दो विद्यार्थी पर्यावरण विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन, सरपंच भूपेंद्र रिगरी ,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, सेवा फाउंडेशन भिलाई के अध्यक्ष एस के जैन उपाध्यक्ष सुब्रमण्यम, प्रवीण मिश्रा ने सरस्वती पूजन वंदन कर किया गया इसी के साथ सेवा



फाउंडेशन भिलाई के गतिविधियों के संबंध में एस के जैन ने बताया कि भिलाई सहित आसपास के क्षेत्र में अकुशल श्रमिको को क्रेन ऑपरेटिंग ट्रेनिंग देकर , महिला युवा समूह जिन्हे तकनीकी जानकारी सहित आवश्यक समाग्री जिससे कारकुशलता में वृद्धि एवम् आर्थिक स्तर में सुधार हो प्रयास किया जा रहा है बी एस पी के ठेका श्रमिको को रखरखाव और सुरक्षा संबंधी ट्रेनिंग भी दिया जाता है वर्तमान परिदृश्य में प्रकृति के प्रति बच्ची को जागरूक करने यह आयोजन भी किया जिसमे प्रतिभावान बच्ची को नगद राशि भी इनाम दिया जा रहा है और विजयी छात्र छात्राओं को जिला राज्य स्तर पर भी भाग लेने की सारी जिम्मेदारी सेवा फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा।

### स्पर्धा में इन बच्चों ने मारी बाजी

प्रतियोगिता में प्रथम को 1500 रूपए, द्वितीय को 1000 तृतीय को 500 तथा सान्त्वना पुरस्कार के रूप में 200 रूपए की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्राथमिक स्तर पर रश्मि साहू प्रथम, भुवेश साहू द्वितीय तनिषा सिन्हा तृतीय रहे। इसी तरह मिडिल स्कूल स्तर पर गीतांजलि साहू प्रथम राजेश्वरी पटेल द्वितीय रुद्र नारायण तृतीय, हाई स्कूल स्तर पर गिरिराज प्रथम चंद्रशेखर साहू द्वितीय चारुल निषाद तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने सेवा फाउंडेशन के तज्जुद्दीन, बी एम राव,मनोहर लाल ,संदीप नैय्यर ,मथाई ,प्राचार्य बसंत यादव,शिक्षिका शिल्पी देशपांडे,रूबीना का विशेष योगदान रहा।



### पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा करना जरूरी



जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव ने हर बच्चे को एक एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण करने की प्रेरणा दी। केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन ने अंधाधुंध हो रही पेड़ कटाई को मौसम के असंतुलन का मुख्य कारण बताया। उन्होंने इससे भविष्य में अंजाम खतरनाक होने की ओर इशारा किया। सरपंच भूपेंद्र रिगरी ने भिलाई बिरादरी के सेवा फाउंडेशन के इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और इस तरह के अन्य आयोजन में ग्राम पंचायत की भूमिका हमेशा सहयोगात्मक होने की बात कही। सरपंच संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा की हर व्यक्ति को अपनी मूल जड़ की और लौटना होगा गांव को अपनी पुरानी भूमिका में आना होगा जिसमे बरगद ,पीपल ,आम आंवला जैसे पेड़ों, पोखर, तालाब, कुओं जैसे जल संरक्षण के लिए आगे आना होगा।

**जिले की 10 पंचायतों का किया गया है चयन**

# तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायत बनेंगे मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप जिले के 03 हजार से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत का मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके अंतर्गत बालोद जिले के ग्राम पंचायत कुसुमकसा, सम्बलपुर (लो), कचांदुर, सिकोसा, कवर, मिर्रीटोला, पेण्डरवानी, पलारी, अरकार एवं अरमरीकला को मॉडल ग्राम पंचायत हेतु चयनित किया गया है। उक्त चयनित ग्राम पंचायतों में मॉडल ग्राम पंचायत हेतु कार्य योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन हेतु आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ



संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में डॉ. कन्नौजे ने सबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों को मॉडल ग्राम पंचायत के कार्य योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन ग्राम पंचायतों के विकास हेतु अधोसंरचना के कार्यों के अलावा आंगनबाड़ी, भवन, बाजार निलामी तथा नियमित करों का आरोपण के साथ–साथ निजी घरों एवं शासकीय भवनों में सोख्ता गड्ढा एव व्यावसायिक परिसर का निर्माण हेतु कमेटी गठित की जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को इन चयनित ग्राम पंचायतों में विस्तृत कार्य योजना के निर्माण करने के निर्देश दिए हैं। जिससे इन ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उप संचालक आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलंगपुर में सड़क पर गिरा पेड़...



**बालोद/कलंगपुर।** बुधवार दोपहर 3 बजे गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग में ग्राम कलंगपुर के पेट्रोल पंप के पास एक बड़े बबूल झाड़ भारी बारिश एवं हवा के चलते धराशाई होकर बीच सड़क पर गिर गया। इसके कारण आवागमन थोड़ी देर के लिए बाधित हो गया। इसकी सूचना पाकर पी डब्ल्यू डी के कर्मचारियों ने पेड़ को मशीन से काटकर सड़क किनारे किया।

# धर्म के प्रति दृढ़ श्रद्धा रहनी चाहिए

## साध्वी प्रमिलाश्रीजी मसा ने समता भवन में दिया प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धर्म के प्रति दृढ़ श्रद्धा रहनी चाहिए, जिंदगी भी एक जंग के समान है, नकारात्मक सोच नहीं आना चाहिए नेगेटिव सोच को बाय–बाय करें। यह बातें साध्वी श्री प्रमिलाश्रीजी मसा ने समता भवन में प्रवचन के दौरान बताई प्रवचन प्रतिदिन सुबह 8:15 बजे से होती है।

आत्मा सिद्ध स्वरूपी है प्रभु अपने समान बनने के लिए मार्ग दिखाते हैं। हे जीवात्मा तू समझ यदि तुझे मेरे सामान ही बनना है तो दृढ़ श्रद्धा के समान इस मार्ग पर चलते चले जा, यही बात आगम में बताया गया है। सूत्र का तीसरा अध्याय बताता है की मनुष्य को जीवन में आपत्ति आने पर भी धर्म के प्रति दृढ़ श्रद्धा बनाए रखनी चाहिए। कितनी भी आपदा मनुष्य जीवन में आ जाए, स्थिति कैसे भी विपरीत हो, जिंदगी के अंदर घबराना नहीं है।

जिंदगी का रास्ता सीधा-सपाट नहीं ऊबड़–खाबड़ है और इस रास्ते में जीने के लिए हर कदम पर जंग लड़ना पड़ता है, जो जिंदगी के जंग में जीत जाता है, उसका बेड़ा पार हो जाता है, सौभाग्यशाली होता है। उक्त उद्गार समता भवन में प्रवचन श्रृंखला के दौरान आचार्य श्रीरामेश की सुशिष्या शासन दीपिका श्री प्रमिलाश्रीजी मसा ने कही।

### चींटी से सीखें

चींटी से हमें सीखना चाहिए कि वह हर पल हर समय प्रयास करते रहती है दीवार पर चढ़ने का, आखिर वह अपने मंजिल को पा ही लेती है। इस प्रकार मानव जीवन में समस्या कष्ट विपदा आना बड़ी बात नहीं है, हम साहस के साथ आगे बढ़ते चले जाए जो व्यक्ति कठिन समय में सहना सीख जाता है वह बड़े से बड़े आपदा में दृढ़ बन जाता है। जिंदगी न्याय नीति होनी चाहिए। सभा का सफल संचालन प्रिया श्रीश्रीमाल ने किया।

# स्कूटी को ठोकर मार, खंभे से टकराई तेज रफ्तार कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला मुख्यालय स्थित गंजपारा में बुधवार सुबह हुई दुर्घटना
- राहगीरों ने घायल युवती को पहुंचा अस्पताल, पुलिस ने आरोपी को पहुंचाया थाने

जिला मुख्यालय स्थित गंजपारा में सुबह एक कार सवार युवक ने स्कूटी सवार युवती को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उसकी कार नाले में जा घुसी। घटना के बाद राहगीरों ने जहां दुर्घटनाग्रस्त लड़की को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा, वहीं युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार युवक सुबह अनियंत्रित तरीके से




कार क्रमांक सीजी 04 एन बी 5395 को चलाते आ रहा था। उसने स्कूटी क्रमांक सीजी 07 ए ई 8162 सवार लड़की को जोरदार ठोकर मार दी। इससे लड़की अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी, वहीं दूसरी ओर कार सड़क किनारे लगे बिजली के खम्भे से जा टकराई और सड़क के किनारे बनी निकासी नाली में फंस गई। इस सड़क हादसे में सरिता चौरसिया ग्राम देवारभाट निवासी उम्र लगभग 20वर्ष गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल भेजा गया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है, वहीं कार चालक के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

राहगीरों ने घायल लड़की को उठाकर हॉस्पिटल पहुंचाया और कार चालक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं, दुर्घटना में कार की टक्कर से स्कूटी के परखचे उड़ गए तो वहीं कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। इसके साथ ही सड़क किनारे लगे बिजली के खम्भे व तार भी प्रभावित हुए हैं।

### घटना का सीसी टीवी फुटेज आया

गंजपारा में घटित सड़क दुर्घटना का भी वीडियो फुटेज सामने आया है, जिसमें चालक द्वारा ओवर स्पीड में कार चलाई जा रही थी। वह स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मारी और दूर तक घसीटते

### चार दिन में ही जलाशयों में 32 फीसदी पानी बढ़ा

**भिलाई।** पिछले चार दिनों की लगातार बारिश ने जलाशयों की स्थिति को भी बेहतर कर दिया। जलाशयों में 19 जुलाई से 23 जुलाई तक औसतन 32 फीसदी ज्यादा जलभराव हो गया। वर्तमान में जलाशयों में 45 प्रतिशत तक पानी भर चुका है। इधर शिवनाथ नदी में बाढ़ की वजह से आसपास गांवों में पानी भरने लगा है। अछोटी और चंगोरी गांव में बाढ़ की वजह से 32 मजदूर फंस गए हैं।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# परिवार में सुख-शांति व समृद्धि चाहिए तो क्रोध का त्याग कर सहनशील बनना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सात दिवसीय शिविर में हम स्वर्ग धरा पर लाएंगे विषय पर बोलते हुए संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने कहा कि परिवार में सुख शांति समृद्धि चाहिए तो क्रोध का त्याग और सहनशीलता को अपनाना होगा। हमारा कॉन्सेप्ट क्लियर होना चाहिए कि हम कैसा परिवार चाहते हैं। हमें यह समझना होगा कि हम परिवार को क्या दे रहे हैं। क्रोध करेंगे तो क्रोध मिलेगा अशांति देंगे तो अशांति मिलेगी। जब हम यह जानते हैं तो हम ऐसा क्यों करते हैं यह एक चिंतन का विषय है।



- सात दिवसीय शिविर में संत ऋषभ सागर जी महाराज ने दी सलाह

हमें जो मिला है उसकी कद्र करें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा एक व्यक्ति मेरे पास आया वह बहुत दुखी था उसने बताया कि माता–पिता थे तब मैंने उनका मूल्य नहीं समझा तथा असम्मानजनक शब्दों का प्रयोग भी करता था, उनके अंतिम समय में मैं उनसे दूर विदेश में रहा अब मुझे बहुत पश्चाताप होता है मैं क्या करूं। इस तरह की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए जीवन के कुछ लक्ष्य निर्धारित करें। दरअसल हमने जीवन का कोई उद्देश्य या लक्ष्य निर्धारित ही नहीं किया है शायद हमारी सारी गड़बड़ी यहीं पर है ।जो हमारे पास है उसका मूल्य हम समझे। हमारा स्वभाव ऐसा है कि100 में से 99 भी हमारे पास है तो भी उसका सदुपयोग हम नहीं करते तथा एक कम है उसके लिए अशांत बने रहते हैं। हमारे इस जन्म के लिए पर्याप्त है फिर भी और अधिक प्राप्ति के लिए अशांत बने रहते हैं। देखा जाए तो हम एक अघोषित पागल की तरह हैं जिसका कोई लक्ष्य नहीं होता।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक, 28 जनवरी से 02 फरवरी 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411




By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
9 सितंबर 2024
25 सितंबर 2024
03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)